# राजस्थान सरकार
## निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

वित्त भवन, ए–ब्लॉक, ज्योति नगर जनपथ, जयपुर–302005
(दूरभाष नं0:– 0141–2740837,, **फैक्स** 0141–2742309, **ई–मेल**:– jacct.dta@rajasthan.gov.in)

क्रमांक :– एफ.4(ई)(के–1531 / 2013) / अलेसे–III / 549 **दिनांक :–** 29-3-2023

**कार्यालय आदेश**

विभागीय आदेश संख्या 77 / 2017–18 दिनांक 30.06.2017 **श्री कमलेश खटीक (मेरिट नं. 1531 बैच 2013 लिंक नं. 10914)** को कनिष्ठ लेखाकार के पद पर नियुक्ति देते हुए कार्यालय तहसीलदार राशमी, जिला–चित्तौडगढ में पदस्थापित किया गया था। उक्त आदेश की अनुपालना में श्री कमलेश खँटीक द्वारा दिनांक 03.07.2017 को मध्यान्ह् पूर्व कार्यग्रहण किया गया। पदोन्नति होने पर श्री खटीक वर्तमान में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के पद पर कार्यरत हैं।

कार्यालय पंचायत समिति, राशमी जिला–चित्तौडगढ ने अपने पत्रांक 282 दिनांक 24.03.2023 के साथ अग्रेषित श्री कमलेश खटीक, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के प्रार्थना–पत्र के अनुसार श्री कमलेश खटीक ने राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित सहायक आचार्य (EAFM) परीक्षा–2020 में चयन उपरांत आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के आदेश दिनांक 24.03.2023 द्वारा इनका पदस्थापन भीलवाडा कन्या महाविद्यालय में सहायक आचार्य (EAFM) के पद पर होने पर उक्त पद सहायक आचार्य (EAFM) पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के वर्तमान धारित पद से कार्यमुक्त करने हेतु अनुरोध किया है।

अतः श्री कमलेश खटीक, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II को उनके प्रार्थना–पत्र के आधार पर पंचायत समिति राशमी, जिला चित्तौडगढ में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के पद से कार्यमुक्त करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। श्री कमलेश खटीक अपने वर्तमान कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से नियमानुसार कार्यमुक्त होकर ही अपने नवीन पद पर कार्यग्रहण कर सकेगें। इनका सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के पद पर लियन रहेगा।

श्री कमलेश खटीक, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के विरूद्ध कोई विभागीय कार्यवाही लंबित / प्रस्तावित नहीं हैं।

(भूपेश माथुर)
निदेशक एवं पदेन
संयुक्त शासन सचिव

क्रमांक :– एफ.4(ई)(के–1531 / 2013) / अलेसे–III / 549 दिनांक :– 29-3-2023

<u>प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –</u>

1. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. कार्यालय पंचायत समिति, राशमी जिला–चित्तौडगढ
3. कोषाधिकारी, चित्तौडगढ।
4. निजी सचिव, निदेशक।
5. श्री कमलेश खटीक, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II, कार्यालय कार्यालय पंचायत समिति, राशमी जिला–चित्तौडगढ।
6. उप निदेशक (एसीपी), कार्यालय हाजा।
7. पदस्थापन सीट / निजि / रक्षित पत्रावली।

(के. जी. गुप्ता)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–II / III)